हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–331 : जौनपुर, सोमवार 18 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## फिर मास्क अनिवार्य : कोरोना के बढ़ते मामलों ने बढ़ाई चिंता : लखनऊ नोएडा समेत इन जिलों में पहनना जरूरी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे कुछ राज्यों में कोविड के केस में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनसीआर के जिलों और लखनऊ में मास्क पहनना जरूरी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीआर के जनपदों (गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर, बागपत) तथा लखनऊ जनपद में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाया जाना अनिवार्य किया जाए। इन जनपदों में टीकाकरण से छूटे लोगों को चिन्हित कर वैक्सीनेट किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जाए। लक्षणयुक्त लोगों की टेस्टिंग कराई जाए। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को टीम 9 के साथ प्रदेश के जिलों में कोरोना की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। विगत 24 घंटे में गौतमबुद्ध नगर में 65, गाजियाबाद में 20 और लखनऊ में 10 नए पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। इन क्षेत्रों में स्थिति पर सूक्ष्मता से नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि एनसीआर में कोविड पॉजिटिव पाए गए मरीजों के सैम्पल की जीनोम सिक्वेंसिंग के दौरान कोविड के ओमीक्रोन वैरिएंट की ही पुष्टि हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार संभव है कि केस की संख्या में बढ़ोतरी हो लेकिन अस्पताल में भर्ती होने अथवा मरीज के अति गंभीर होने की स्थिति नहीं होगी। लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन के लिए जागरूक किया जाए। प्रदेश में वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 695 है। विगत 24 घंटों में 83 हजार 864



कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 115 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 29 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। हमें पूरी सावधानी और सतर्कता बरतनी होगी। कोविड टीकाकरण अभियान की प्रगति संतोषप्रद है। किंतु बच्चों के टीकाकरण को और तेज करने की आवश्यकता है। 30 करोड़ 75 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण के साथ ही अब तक 103 प्रतिशत से ज्यादा वयस्क आबादी को टीके की पहली डोज लग चुकी है, जबकि 86.34 प्रतिशत से अधिक लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। 15 से 17 आयु वर्ग में 94 प्रतिशत से ज्यादा किशोरों को पहली खुराक मिल चुकी है। 12 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को पहली डोज के बाद अब पात्रता के अनुसार दूसरी डोज भी दी जाए। 700 निजी टीकाकरण केंद्र पर बूस्टर डोज लगवाया जा सकता है। इन टीकाकरण केंद्रों और बूस्टर डोज की महत्ता के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए। 18 वर्ष के अधिक आयु के लोगों को बूस्टर डोज लगाए जाने में तेजी की अपेक्षा है। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी नागरिक टीकाकवर से वंचित न रहे।

## शहीद तात्या टोपे जी के शहीदी दिवस पर दी श्रद्धांजलि : खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय सैनिक संस्था एनसीआर के संयोजक राजीव जोली खोसला शहीद क्रांतिकारी टोपे जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा अंग्रेजों ने भारत पर बेशक ही कई सालों तक राज किया हो लेकिन हमारे देश पर कब्जा करना ब्रिटिश हुकूमत के लिए इतना आसान नहीं रहा है. ब्रिटिश हुकूमत को हमारे देश पर कब्जा करने के दौरान कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा था. जब भारत में अंग्रेजों ने अपने पैर–पसारने की कोशिश करना शुरू किया था, तो उस वक्त भारत के कई महान राजाओं और स्वतंत्रता सेनानियों ने इन्हें तगड़ी टक्कर दी थी. हालांकि इसके बावजूद भी ब्रिटिश, भारत में अपना शासन स्थापित करने में सफल रहे थे. वहीं भारत को ब्रिटिशों केचंगुल से निकालने के लिए साल 1857 में भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम शुरू हुआ था. इस स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई राज्यों के राजाओं ने अंग्रेजों का सामना किया था. लेकिन अंग्रेजों के सामने ये स्वतंत्रता संग्राम ज्यादा समय तक टिक नहीं पाया था. वहीं इस स्वतंत्रता संग्राम को सफल बनाने के लिए तात्या टोपे, रानी लक्ष्मीबाई, मंगल पांडे जैसे लोगों ने अपनी सारी ताकत लगा दी थी. लेकिन उस वक्त भारत के भिन्न–भिन्न भागों के राजाओं में एकता नहीं होने के कारण अंग्रेजों की जीत हुई थी।




आज भी जब इस स्वतंत्रता संग्राम का जिक्र किया जाता है तो तात्या टोपे का का नाम जरूर लिया जाता है. तात्या टोपे ने ना सिर्फ अंग्रेजों की नाक में दम करके रखा हुआ था. बल्कि उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सहित कई राजाओं की मदद भी की थी. वहीं आज स्वतंत्रता सेनानी तात्या टोपे के जीवन से जुड़े कुछ अनछुए पहलुओं के बारे में आपको जानकारी देने जा रहे हैं. आज भी भारत की जनता जद्दोजहद कर रही है पड़ोसी मुल्क के चंद गद्दारों के साथ जिन्होंने भारत में अशांति फैला रखी है जैसा राजधानी में हनुमान जयंती के जुलूस निकलने के बाद देखा गया सरकार से निवेदन है कि ऐसे देश के गद्दारों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि बाकी कोई भी गद्दारी ना कर सके।

## ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में पुनः वैक्सीनेशन प्रारंभ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने बताया कि ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में आज से वह वैक्सिनेशन पुनःप्रारंभ हो गया है। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से गुरुद्वारा साहब में वैक्सीनेशन बंद चल रहा था जिसे सीएमओ से वार्ता करके पुनः प्रारंभ करवाया गया है यहां पर 12 वर्ष से बड़ी आयु के सभी लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है । कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने बताया कि गुरुद्वारा साहब में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को बूस्टर डोज भी लगाया जा रहा है 60 वर्ष से कम आयु के लोगों को निजी अस्पतालों में सरकार द्वारा निर्धारित रुपए देकर बूस्टर डोज लगेगा। हरविंदर सिंह टीटू और हरविंदर पाल सिंह नीता अपने सहयोगियों के साथ वैक्सिनेशन सेंटर के प्रबंध की देखरेख कर रहे हैं ताकि वैक्सीन लगवाने आने वाले कोरोना



नियमों का पालन करते हुए वैक्सीन लगवाए और उन्हें कोई असुविधा ना हो। गुरुद्वारा की प्रबंधक कमेटी ने सभी नगर वासियों से अपील की की जिन लोगों ने अभी तक अपना वैक्सीनेशन कंप्लीट नहीं करवाया है वह यथाशीघ्र कंप्लीट करवा लें और बूस्टर डोज भी लगवा लें ताकि कोरोना को परास्त किया जा सके।

## यातायात पुलिस जौनपुर द्वारा चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक– 18.04.2022 को मा0 मंत्री श्री गिरीश चन्द्र यादव एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर, डॉ0 संजय कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए आमजन को जागरूक करने के मकसद से चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मा0 मुख्यमन्त्री जी द्वारा उ0प्र0 राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की दिनांक 09.10.2020 को सम्पन्न बैठक में दिये गये निर्देश के क्रम में माननीय मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन श्रीमान दुर्गा शंकर मिश्र व यातायात निदेशालय उ0प्र0 के द्वारा दिनांक 18.04.2022 से 24.04.2022 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके अन्तर्गत कोविड–19 से बचाव व सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जन जागरुकता अभियान चलाये जानें हेतु निर्देशित किया गया है । जिसके क्रम में आज दिनांक 18.04.2022 को एक जन जागरुकता रैली निकाली गयी जिसमे यातायात पुलिस जौनपुर, सम्भागिय परिवहन विभाग, सवास्थ विभाग, परिवहन निगम , तथा शिक्षा विभाग जौनपुर के तत्वाधान में संयुक्त रुप से कलेक्ट्रेड परिसर से निकाली गयी रैली को 'माननीय मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ0 संजय कुमार जौनपुर, अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी यातायात जितेन्द्र दुबे, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट हिमान्शु नाग पाल, सम्भागिय परिवहन अधिकारी एस0पी0 सिह, परिवहन निगम अधिकारी बी0के0 श्रीवास्तव, व निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला जी' के द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया जो 'कलेक्ट्रेट तिराहा से निकलकर सिविल लाइन तिराहा, 'जेल तिराहा से सेखपुर तिराहा , रोडवेज तिराहा से वि0आर0पी0 इण्टर कालेज पर समाप्त हुयी,' वहीं पर छात्र–छात्राओं को यातायात नियमों की विस्त्रित जानकारी दी गयी तथा उनको अपने नजदीकी 10 लोगों को इसके प्रति जानकारी देने के लिए शपथ दिलाया गया। उक्त रैली में शासकीय प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारीगण के साथ सम्भागिय परिवहन विभाग के कर्मी, व परिवहन निगम के कर्मी के साथ–साथ पुलिस विभाग, सम्स्त टी0एस0आई0 व यातायात पुलिस कर्मी, होमगार्ड के जवान, व फार्मेसी के छात्र छात्राओं के द्वारा भाग लेते हुए पम्पलेट, पोस्टर बैनर के माध्यम से आम जन मानस को यातायात नियमों का प्रचार– प्रसार किया गया । यह कार्यक्रम 'दिनांक 18.04.2022 से 24.04.2022' तक चलेगा ।

## हनुमान जन्मोत्सव के शोभायात्रा पर घुसपैठियों के हमले से संत समाज आक्रोशित

आर एल पाण्डेय वाराणसी। नई दिल्ली के जहांगीरपुरी में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाले जा रहे शोभायात्रा पर लाठी, डण्डों, तलवारों से बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों ने हमला कर दिया और मस्जिद के छतों पर से पत्थर फेंके गये। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर महंत बालक दास जी महाराज ने इस घटना पर आक्रोश व्यक्त किया। काशी के संतों से चर्चा करने के बाद उन्होंने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब, सेकुलर मुल्क, अभिव्यक्ति की आजादी, डरे हुए मुसलमान के नाम पर कब तक हिन्दुओं के धार्मिक शोभायात्रा पर हमले होते रहेंगे ? बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों को बचाने के लिये 10 पार्टियाँ खड़ी हैं, लेकिन हिन्दुओं के पक्ष में ये दल कुछ बोलना नहीं चाहते। टी०वी० और अखबार वाले एक सम्प्रदाय या समुदाय विशेष लिखकर चुप्पी पा लेते हैं और समाज में भ्रम की स्थिति पैदा करते हैं। जब ये पता चल गया कि मुस्लिम मुहल्लों से गुजरने पर शोभायात्रा पर पत्थर फेंके जायेंगे, बमों से हमला होगा और हिन्दुओं को तलवार से काट दिया जायेगा, तो क्यों नहीं सरकार इन इस्लामिक जिहादियों को चिन्हित कर उनकी नागरिकता खत्म करती है। दंगा करने वाले इस्लाम के नाम पर हिन्दुओं के अन्दर दहशत पैदा करना चाहते हैं, जैसे ये मुगल काल में कर रहे थे। अब तो लगता है कि इस्लाम का मकसद लोगों का डराना और हिंसा करना है, ताकि हिन्दू समाज अपने धर्म को न मना सके। 4 राज्यों में रामनवमी के शोभायात्रा पर संगठित तरीके से पथराव इस्लामी जिहादियों की सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा है। इससे



पहले कि भारत गृह युद्ध की तरफ बढ़ जाये और राजनैतिक दल रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुसलमानों के जरिये हिन्दुओं का नरसंहार करा दें, भारत सरकार को कड़े कदम उठाना चाहिये और इनको हिन्दू समुदाय के खिलाफ युद्ध का अपराधी मानकर दण्डित किया जाना चाहिये। महंत बालक दास ने कहा कि संत समाज जल्द ही बैठक कर बड़ी योजना बनायेगा, ताकि हिन्दुओं की सुरक्षा निश्चित की जाये। भारत में ही अगर हिन्दुओं के शोभायात्रा पर इस्लामी जिहादी हमला करते रहे, तो अन्य देशों में हिन्दुओं का क्या होगा ? जो भाईचारे की बात करते हैं, उन मुसलमानों ने अब तक इन दंगाईयों के खिलाफ मार्च क्यों नहीं निकाला ? भारत सरकार दंगे को स्थाई रूप से रोकने के लिये दंगाईयों को चिन्हित कर उनके सारे अधिकार समाप्त करे और दंगा करने वालों के परिवार को दण्डित करे। इस सन्दर्भ में संत समाज का प्रतिनिधि मण्डल राष्ट्रपति से मुलाकात करेगा।

## भारतीय जनता पार्टी की जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने पूजा अर्चना कर किया श्रमदान

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामाजिक न्याय पखवाड़ा के माध्यम से जिला मंडल एवं बूथ स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम मे आज विश्व विरासत दिवस पर अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती व क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र अनु•मोर्चा पीके वर्मा ने जनपद हरदोई मे आस्था व पौराणिक महत्व की ऐतिहासिक धरोहर श्रवण देवी शक्ति पीठ मे पूजन अर्चन कर मंदिर परिसर मे श्रमदान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेमावती ने स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान श्रवण देवी परिसर मे उपस्थित स्वच्छता सैनिकों को अंग वस्त्र भेंट कर तथा क्षेत्रीय महामंत्री पीके वर्मा ने माल्यार्पण कर स्वच्छता सैनिकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेमावती ने जनपद हरदोई की ऐतिहासिक विरासतों को संरक्षित करने तथा दैनिक



जीवन मे स्वच्छता व शौचालय के सकारात्मक प्रभाव के बारे मे चर्चा की। प्रमुख रूप से अध्यक्ष अमित कुमार सहित स्वच्छता सैनिक, क्षेत्रवासी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## हनुमत् कृपा ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. कपूर ने किया ब्राह्मणों को सम्मानित


ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर हनुमत् कृपा ट्रस्ट से जुड़े भक्तों ने प्राचीन हनुमान मंदिर में सुंदर कांड पाठ कर प्रसाद बांटा. हनुमान जी व बाबा नीब करौरी महाराज के परम् भक्त तथा हनुमान सेतु मंदिर के पूर्व सचिव डॉ. एस. एल. कपूर के हाथों मंदिर के पुजारी समेत 11 ब्राह्मणों को अंग वस्त्र, हनुमान जी की मूर्ति,



चौकी, मिष्ठान व दक्षिणा देकर सम्मानित किया गया.ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश दीक्षित बताया कि शनिवार की सुबह श्रीहनुमान जन्मोत्सव की पावन तिथि को सुबह गोमती के किनारे नाचे प्राचीन हनुमान सेतु मंदिर में सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें आचार्य रामू पाण्डेय, अशोक द्विवेदी, धर्मेंद्र सक्सेना, रजनी सक्सेना, रमेश शर्मा, आलोक श्रीवास्तव, पं. अनुराग मिश्र, डॉ. अरविन्द पाण्डेय आदि श्रद्धालु जन शामिल रहे. राम नाम संकीर्तन व आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया. ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. कपूर जी ने 11 ब्राह्मणों को सम्मानित किया जिसमें पं. श्याम पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, अतुल तिवारी, आर. एल. पाण्डेय आदि प्रमुख रहे. श्री दीक्षित ने कहा कि ट्रस्ट की अगली बैठक में प्राचीन हनुमान सेतु मंदिर में हर महीने के दूसरे मंगलवार को सुंदर कांड पाठ कराने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा. उन्होंने बताया कि सामाजिक व आध्यात्मिक कार्यों में अग्रणी हनुमत् कृपा ट्रस्ट गरीब व असहाय परिवार की लड़की की शादी व बच्चों की पढ़ाई आदि में भी मदद करता है।

## संस्कृतिक कला है आल्हा – फौजदार सिंह

सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहरियांव में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हुये आल्हा सम्राट श्री फौजदार सिंह ने अपने गायन के माध्यम से मंगल गायन तथा द्रोपदी चीर हरन सहित रानी सोनवा का विवाह आल्हा, देवा तिवारी



का सिंदूर सुपारी ले जाना नैना की लड़ाई सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया. वहीं पर फौजदार सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक कला में निहित है आल्हा और कहीं भी आल्हा का कार्यक्रम करने के लिए लिए जाते हैं तो ज्यादातर लोगों की चाहत होती है कि आल्हा उदल की कहानी सुनने की ज्यादा मांग होती है. और उनके साथ ढोलक पर संगत कर रहे मुन्शी लाल चौबे, मजीरा पर रामायण यादव, गायन पर राम बहाल सिंह, चंद पर राधा कृष्ण तिवारी रहे। लोक विद सम्मान से नवाजे गए आल्हा सम्राट श्री फौजदार सिंह जौनपुरी लोक विधा में उत्कृष्ट कार्य हेतु 5 सितंबर 2018 शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश मध्य क्षेत्र संस्कृतिक केंद्र प्रयागराज (इलाहाबाद) में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नंदी महापौर इलाहबाद ने सम्मानित किया और तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी ने विश्व हिन्दू महा संघ का प्रदेश अध्यक्ष संस्कृतिक प्रकोष्ठ भी नियुक्त किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**जन्म सभी का सामान्य होता है लेकिन अच्छे कर्मों से मौत को ऐतिहासिक बनाया जा सकता है।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## नगर निगम चुनाव में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने में जुटेगी आप

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : नगर निगम चुनावों की तैयारी के लिए संगठन को मजबूती देने का काम आम आदमी पार्टी ने तेजी से प्रदेश भर में शुरू कर दिया है। इस दिशा में आप छात्र विंग के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष व जिला संगठन निर्माण प्रभारी वंशराज दुबे 19 अप्रैल में शान–ए–अवध होटल में दोपहर एक बजे पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। यह जानकारी पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने दी। अनिल प्रजापति ने बताया कि संगठन प्रभारी के रूप में वंशराज दुबे पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। इस दौरान वो पार्टी की रणनीति और बूथ स्तर तक कैसे संगठन को मजबूत करना है इसपर प्रकाश डालेंगे। कार्यकर्ताओं से आम आदमी पार्टी की नीतियों को जमीनी स्तर पर विस्तार देने की रणनीति तैयार करेंगे। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं का मनबोल बढ़ाकर पूरी ताकत से अपने–अपने क्षेत्रों में जुटने का आह्वान भी करेंगे। बता दें कि विधानसभा चुनावों के अच्छा प्रदर्शन करने के बाद आम आदमी पार्टी पूरी ताकत से आगामी नगर निगम और आने वाले अन्य चुनावों की तैयारी में अभी से जुट गई है।

## बैंक के ग्राहकों के लिए खुशखबरी बैंक खुलने का समय बदला : काम पूरा करने के लिए मिलेगा एक्स्ट्रा टाइम

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता) बैंक के ग्राहकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है. अब बैंक में ग्राहकों को अपने काम पूरा करने के लिए एक घंटे का अतिरिक्त समय मिलेगा. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 18 अप्रैल 2022 यानी सोमवार से बैंकों के खुलने के समय में बदलाव कर दिया गया है. अब बैंक सुबह 9 बजे खुल जाएंगे. हालांकि बैंकों के बंद होने के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।दरअसल, कोरोना वायरस महामारी के चलते बैंकों के दिन में खुलने के समय को घटा दिया गया था। जिसे अब फिर से सामान्य किया जा रहा है. यह नई सुविधा 18 अप्रैल 2022 से लागू हो जाएगजाएग। कोविड–19 से पहले वाले समय को लागू कर दिया है. नया ट्रेडिंग टाइम भी सोमवार से लागू होगा. आरबीआई की देखरेख में कॉल मनी, गवर्मेंट पेपर्स, गवर्मेंट सिक्योरिटीज, रेपो इन कॉर्पोरेट बॉन्ड्स व रूपी इंटरस्ट रेट डेरिवेटिव शामिल हैं. उपरोक्त उल्लिखित सभी बाजारों समेत आरबीआई द्वारा विनियमित बाजार अब सुबह 10 बजे की बजाय 9 बजे से ट्रेडिंग शुरू करेंगे। आरबीआई सभी बैंकों को कार्डलेस एटीएम ट्रांजेक्शन की सुविधा जल्द शुरू करने का भी निर्देश दे चुका है. ग्राहकों को जल्द ही यूपीआई के जरिए बैंकों और उनके एटीएम से पैसे निकालने की सुविधा मिलेगी. आरबीआई कार्डलेस ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठा रहा है. ऐसा करने के लिए यूपीआई के जरिए सभी बैंकों और उनके एटीएम से पैसे निकासी की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। धोखाधड़ी पर लगाम की उम्मीद जानकारों का कहना है कि कार्डलेस कैश ट्रांजैक्शन में एटीएम पिन की जगह मोबाइल पिन का इस्तेमाल किया जाएगा जिससे एटीएम के जरिए होने वाले फ्रॉड को रोकने में मदद मिलेगी. कार्डलेस ट्रांजैक्शन से लेनदेन में आसानी होगी और कार्डलेस ट्रांजैक्शन से कार्ड की क्लोनिंग, कार्ड की चोरी समेत दूसरे कई तरह की धोखड़ी को रोकने में मदद मिलेगी. गौरतलब है कि एसबीआई व आईसीआईसीआई समेत कई बैंक पहले से कार्डलेस ट्रांजैक्शन की सुविधा मुहैया करा रहे हैं।

## गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर समाजसेवी हनुमान सोनी ने निःशुल्क जल प्याऊ लगाकर किया सराहनीय कार्य

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर ठंडे पानी की एक अस्थाई शीतल जल की प्याऊ का उद्घाटन हुआ।इस शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन गोसाईगंज के कोतवाल कृष्ण कुमार मिश्रा व महिला एसआई बीना पांडे ने संयुक्त रुप से रिबन काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने निःस्वार्थ सेवा समिति द्वारा प्याऊ लगवाए जाने की सराहना करते हुए कहा कि प्यासे को पानी पिलाना बहुत पुनीत का कार्य है, गर्मी के मौसम में ऐसे कार्य में लोगों को बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये। जल पिलाना बहुत ही परोपकार का कार्य है। निरःशुल्क जल प्याऊ जातीय पाबंदियों और मजहबी सीमाबंदियों से कहीं परे मानवीय अनुभूतियों के भरपूर प्रयास है, जिसका मकसद हर प्यासे कंठ को निःशुल्क भरपूर जल उपलब्ध करवाना है। भीषण गर्मी की तपन में किसी को शीतल जल से तृप्त करने से ज्यादा मानवता की सेवा और क्या हो सकती है। गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर आए हुए यात्री समाजसेवी हनुमान सोनी तथा उनके कार्यकर्ताओं के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा की रेलवे स्टेशन पर जल प्याऊ लग जाने से अब आसानी से स्वच्छ शीतल जल मिल सकेगा। निःस्वार्थ सेवा समिति के प्रबंधक हनुमान सोनी ने बताया कि समिति की ओर से पिछले 12 सालों से गर्मी के मौसम में प्याऊ लगाया जाता है। यह 18 अप्रैल जुलाई तक प्रतिदिन यात्रियों को निःशुल्क जल उपलब्ध कराया जाएगा। जल प्याऊ पर प्रतिदिन करीब दर्जनों सेवादार सेवा देंगे। इस मौके पर समिति के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित थे। समिति के लोगों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पिछले 12 वर्षों से समिति की ओर से स्टेशन पर निःशुल्क शीतल जल



की प्याऊ संचालित की जा रही है।वही नगर की समाजसेवी मौसमी किन्नर ने समिति के प्रबंधक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह बहुत बड़े पुण्य का काम है ईश्वर इस काम को करवाने के लिए जिसको चुने वह बहुत भाग्यशाली होता है और समिति अपने नाम के अनुरूप वास्तव में निःस्वार्थ रूप से जनहित का कार्य कर रही है। उक्त अवसर पर स्टेशन मास्टर निःस्वार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल जायसवाल पवन कसौधन तुलसीराम मौसमी किन्नर, पूजा नरगिस, सभासद सुदीप मोदनवाल, श्रीनाथजी ट्रेडर्स, हरिओम कसौधन, विजय सिंह, शिवानी वर्मा, आशा सिंह (अध्यापिका), भोलानाथ, तुलसीराम, गोलू तथा एसआई बीना पांडे, कॉन्स्टेबल अश्वनी मिश्रा आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## यूपी की जनता को बड़ा तोहफाः राष्ट्रीय राजमार्गों पर होंगे 12 हजार करोड़ रुपये के नए काम

लखनऊ ब्यूरो : केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर 12 हजार करोड़ रुपये के नए कामों के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इससे यूपी में कुल 685.71 किमी लंबे बाईपास, पुलों व सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। ये सड़कें पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन (10 मीटर चौड़ी), फोरलेन या उससे अधिक चौड़ी बनाई जाएंगी। मार्च में यूपी में डबल इंजन की सरकार बनने पर इसे केंद्र का प्रदेश की जनता को बड़ा तोहफा माना जा रहा है। हाईवे के जिन कामों को मंजूरी दी गई है, उनमें मिर्जापुर (एनएच–135 ए), बलरामपुर (एनएच–730), शोहरतगढ़ (एनएच–730), फरेंदा (एनएच–730), गिलौला बाजार (एनएच–730), अमेठी, देवरिया और जसरा (एनएच–76) में कुल 8 बाईपास हैं। इन बाईपास की कुल लंबाई 80 किमी होगी। इसके अलावा शाहजहांपुर–बीसलपुर (एनएच–731के), फैजलनगर–सलेमपुर (एनएच–727बी), इस्लामनगर–जलेसर–एटा(एनएच–727बी), सेलमपुर–मैरवा (एनएच–727ए), बूढ़ी गंडक से सिवरही बाईपास तक (एनएच–727एए), चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग के चार पैकेज, हरदोई (एनएच–330डी), रामवन गमन मार्ग के पांच पैकेज, बाराबंकी–लखीमपुर (एनएच–727एच), छपवा–कुशीनगर (एनएच–28बी), मेहदावल–रामनगर



(एनएच–328ए) और बस्ती–कप्तानगंज (एनएच–328) के हिस्सों को पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन बनाया जाएगा। लखनऊ में इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे (एनएच–24ए), बस्ती व महराजगंज आदि में राष्ट्रीय राजमार्गों को चार लेन या उससे ज्यादा चौड़ा करने की परियोजनाएं शामिल हैं। प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में 5 पुल व रेलवे ओवर ब्रिज का भी निर्माण होगा। राजमार्गों पर होने वाले इन कामों की कुल संख्या 30 है। प्रमुख अभियंता (एनएच विंग के प्रभारी), पीडब्ल्यूडी मनोज गुप्ता का कहना है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बड़ी संख्या में परियोजनाओं को सहमति दी है। राजमार्गों के चौड़ीकरण के लिए जमीन अधिग्रहण संबंधी समस्याओं का समाधान कराते हुए इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ा जाएगा।

## एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गाड़ी संख्या यूपी 32 बीजी 9017 के ईएमटी अनिल कुमार तिवारी चालक अरुण कुमार ने एंबुलेंस में सुरक्षित



प्रसव कराया। मवैया से दिनेश ने 108 एंबुलेंस पर कॉल किया जिसकी सूचना मिलने पर एंबुलेंस अवध चौराहा से मवैया पहुंचती हैं और मरीज को हॉस्पिटल लेकर जाते समय प्रसव पीड़ा तेज होने पर एंबुलेंस मे ही ईएमटी अनिल कुमार तिवारी के द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया और जच्चा, बच्चा को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## माटीकला बोर्ड के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 शासन द्वारा माटीकला बोर्ड के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से मिट्टी के बर्तन, खिलौने मूर्ति इत्यादि बनाकर जीविकोपार्जन करने वाले प्रजापति समाज के लोगो को वर्ष 2022–23 में माटीकला उद्योग के अन्तर्गत निःशुल्क टूल किड्स वितरण योजना में विद्युत चालित चाक दिये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। जिसका चयन जनपद स्तर पर गठित कमेटी के माध्यम से किया जाना है। इच्छुक परम्परागत कारीगर अपना आवेदन पत्र के साथ फोटोग्राफ, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, शिक्षा प्रमाण पत्र के साथ जिला ग्रामोद्योग कार्यालय जौनपुर में 25 अप्रैल 2022 तक जमा किया जाना है। तत्पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पत्र चयन कमेटी द्वारा लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। विशेष जानकारी हेतु मोबाइल नम्बर 9580503155 एवं कार्यालय दूरभाष क्रमांक 05452–260719 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## वर्तमान में बढ़ रहे तापमान के कारण हीटवेव की जतायी गयी आशंका : जिला प्रशासन

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रशासन ने जनपद जौनपुर के जनमानस को अवगत कराया है वर्तमान में बढ़ रहे तापमान के कारण हीटवेव की आशंका जतायी गयी है, जिससे बचाव के कुछ उपाय आमजन को करना होगा। इसके उपाय हेतु पानी व तरल पदार्थ का सेवन करें। यात्रा करते समय पानी साथ रखें। निर्जलीकरण से बचने के लिए ओआरएस का प्रयोग करें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। अधिक प्रोटीन वाले तथा बासी खाद्य पदार्थ खाने से बचें, हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहने, सर को ढकें एवं कड़ी धूप से बचें। विशेष तौर पर दोपहर 12 से तीन बजे तक सूर्य का ताप सर्वाधिक रहता है। तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। बच्चों एवं पालतू जानवरों को कभी भी बंद गाड़ी में अकेला न छोड़ें। जहां तक संभव हो घर में ही रहें और सूर्य के सम्पर्क से बचे साथ ही लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटाकर सूती गीले कपड़ों से पोंछे अथवा सामान्य जल से नहलाएं लू लगने के लक्षणों को पहचानें, यदि कमजोरी लंगे, सिर दर्द हो, उल्टी महसूस हो, तेज पसीना और झटका जैसे महसूस हो चक्कर आये तो तुरन्त चिकित्सक से सम्पर्क करें।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर में 21 अप्रैल 2022 को अप्रेन्टिस मेंले का होगा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : सहायक शिशिक्षु परामर्शदाता , प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, राकेश कुमार ने अवगत कराया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर जौनपुर के परिसर में 21 अप्रैल 2022 को प्रातः 10.00 बजे से अप्रेन्टिस मेंले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनपद जौनपुर के निजी, उद्योग एवं अधिष्ठान जैसे– हाइडिल, पी0डब्लू0डी0, यू0ए0एल0 उत्तर प्रदेश, एच0आई0एल0 लिमिटेड, अस्तित्व इण्टरप्राइजेज, नितेश इंजीनियरिंग वर्क्स, सिद्धार्थ रोलिंग एण्ड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, रैपिड इन्फोटेक, पुनीत आटोमोबाइल आदि प्रतिभाग करेंगे। फिटर, विद्युत, टर्नर, मशीनिष्ट एवं ड्राफ्ट्समैन सिविल व अन्य व्यवसाय से आई0टी0आई0 उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। मेंले में प्रतिभाग किये जाने हेतु भारत सरकार के पोर्टल– www.apprenticeshipindia.gov.in पर अपना पंजीकरण करवाकर अपनी प्रोफाइल की प्रति स्वहपद ID और Password सहित मेंले से पूर्व कार्यालय के शिशिक्षु अनुभाग में जमा करना सुनिश्चित करें। शासनध्प्रशासन द्वारा जारी कोविड–2019 निर्देशों का पालन करते हुए अप्रेन्टिस मेंले के सभी प्रतिभागियों को मास्क अनिवार्य रूप से पहनकर आना होगा। अधिक जानकारी हेतु मो0 नम्बर 9839351057, 9450742207, 8707560849, 9140542418 पर किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

## समाजसेवी ने सिविल हॉस्पिटल में टी बी मरीजों को वितरित किए फल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सिविल हॉस्पिटल लखनऊ में समाजसेवी पंकज पाठक ने टी बी मरीजों को फल वितरित



किए। पंकज पाठक टाइम एरा फाउंडेशन लखनऊ के अध्यक्ष हैं। कोरोना के समय से ही सामाजिक संगठनो के माध्यम से निःशुल्क जन सेवा करते हैं।पंकज पाठक चेयरमैन टाइम एरा फाउंडेशन लखनऊ ने श्यामाचरण मुखर्जी चिकित्सालय में टी बी मरीजों को फल वितरित कर हर संभव सहायता करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर पंकज पाठक के साथ आहम पांडेय, विपिन दूबे, अभिषेक मिश्रा , चन्दन मिश्रा, सौरभ पाठक, नन्द लाल निषाद आदि मौजूद रहे।

## साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 401वें प्रकाश पर्व मनाये जाने के सम्बन्ध में

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज दिनाँक 18.04.2022 को एक बैठक लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई यह जानकारी देते हुए श्री बग्गा ने बताया कि दिनांक 21 अप्रैल 2022 दिनांक बृहस्पतिवार को साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज का 401वाँ प्रकाश पर्व ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी, श्री गुरू सिंह सभा, नाका हिंडोला लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया जायेगा। कमेटी प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने बताया कि इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पधार रहे हैं पंथ प्रसिद्ध रागी जत्थे भाई सतवन्त सिंह जी सारंग देहरादून वाले, भाई गुरमीत सिंह जी ऊना साहिब वाले जो गुरबाणी कीर्तन गायन एवं ज्ञानी गुरदेव सिंह जी कानपुर वाले गुरमति विचार व्यक्त कर समूह संगत को निहाल करेंगे। महामंत्री हरमिन्दर सिंह टीटू ने बताया कि दिनाँक 21.04.2022 को प्रकाश पर्व प्रात 5.45 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक एवं सायं 6.30 बजे से 10.00 बजे तक अमृतमयी गुरमत समागम के रुप में ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरू नानक देव जी, नाका हिंडोला में होगा रात्रि के दीवान




की समाप्ति पर श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी पर फूलों की वर्षा भी की जायेगी। उपाध्यक्ष हरविंदर पाल सिंह नीता ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने वाली संगतों की ओर संगत की सेवा के लिए कड़ी चावल, खीर, मैगी, पनीर पुलाव एवं विभिन्न पकवानों के स्टाल लगाए जा रहे हैं तथा गुरू का लंगर भी वितरित किया जायेगा।

## राम नगरी अयोध्या के हनुमान गढ़ी में हनुमान चालीसा पर झूमे प्रख्यात गायक सुखविंदर सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रख्यात गायक सुखविंदर सिंह द्वारा गया टाइम ऑडियो की प्रस्तुति '' श्री हनुमान चालीसा '' का लोकार्पण अयोध्या में सम्पन्न हुआ।हनुमान जयंती के अवसर पर शनिवार को सुखविंदर और टाइम ऑडियो की टीम हनुमानगढ़ी पहुची।इस मौके पर टाइम ऑडियो के प्रवीण भाई शाह , सगुन बाघ , कौस मीडिया की श्रीदेवी शेट्टी , राज वी एफ एक्स के चिराग भुवा , शंभु जे सिंह, स्थानीय गायक अभिनेता विवेक पांडेय , बबलू पंडित और उदय भगत भी मौजूद थे । इस मौके पर टाइम ऑडियो की टीम ने हनुमान चालीसा की प्रति हनुमानगढ़ी के महंत श्री संजय दास महाराज को भेंट की।इसके बाद में हनुमान भक्तों के बीच हनुमान चालीसा भेंट की।बाद में हनुमान भक्तों के बीच पहुंचे सुखविंदर सिंह ने उपस्थित लोगों के साथ बड़े स्क्रीन पर चल रहे हनुमान चालीसा का लुत्फ उठाया और वे भक्ति भाव मे जम कर झूमे । आपको बता दें कि हनुमान चालीसा के लोकार्पण के पूर्व श्री राम जन्मभूमि जाकर रामलला के चरणों मे हनुमान चालीसा भेंट की गई।वही हनुमान चालीसा के वीडियो डायरेक्टर इसके राजीव खंडेलवाल है कोरियोग्राफर लॉलीपॉप एवं डी.ओ.पी. संतोष दामोदर हैं, एडिटर भाविन सी. भुवा हैं । आपको बता दें कि 1982 में स्थापित टाइम ग्रुप अपने आप में मनोरंजन उत्कृष्टता की एक समृद्ध विरासत है जिनके



पास हीरो, जोड़ी नंबर 1, कुरुक्षेत्र, खिलाड़ियों का खिलाड़ी, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, विजयपथ जुआरी, खिलाड़ी 420, कृष्णा जैसी काफी फिल्मों का एक बड़ी लाइब्रेरी है । टाइम ग्रुप वर्तमान में फिल्मों और संगीत के अधिग्रहण, उत्पादन, वितरण और प्रदर्शनी के कारोबार में शामिल है। 2022 में टाइम ग्रुप 3 वेबसीरीज के साथ 10 फीचर फिल्मों का निर्माण कर रहा है और अपने स्वयं के कलाकार और कास्टिंग नेटवर्क विकसित करने के साथ–साथ भारत में सबसे बड़े वर्चुअल प्रोडक्शन स्टूडियो में से एक खोल रहा है। उक्त कार्यक्रम में टाइम्स ऑडियो वीडियो के निर्माता प्रवीण शाह एवं शगुन वाघ लाइन पढ़ो सर जनार्दन पांडे बबलू पंडित विवेक पांडे श्री मानस दास जी महाराज श्री संजय दास जी महाराज शिवम श्रीवास्तव एवं तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विश्व विरासत दिवस पर सफाई कर्मचारियों को भारतीय जनता पार्टी ने किया सम्मानित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी ने स्थापना दिवस 6 अप्रैल से चलाए जा रहे सामाजिक न्याय पकवाड़ा के अंतर्गत आज विश्व विरासत दिवस के अवसर पर नगर के शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई कर्मचारियों को स्वच्छ भारत में उनके योगदान के लिए माल्यार्पण कर अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक विरासत को मनाने और बढ़ावा देने के लिए देश भर में 'विरासत दिवस' मना रही है। देश में कई अद्भुत निर्माण विरासत हैं जो वक्त के साथ जर्जर होती जा रही हैं। इनके स्वर्णिम इतिहास और निर्माण को बचाने के लिए विश्व विरासत दिवस या विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। वैसे तो कई सारी विश्व धरोहरें हैं, जो दुनियाभर में प्रसिद्द हैं लेकिन अगर हम भारतीय विश्व धरोहरों की बात करें तो भारत में वर्तमान में 40 विश्व धरोहरे हैं। यूनेस्को ने भारत में कुल 40 विश्व धरोहरें घोषित की है। इनमें सात प्राकृतिक, 32 सांस्कृतिक और एक मिश्रित स्थल हैं। भारत में सबसे पहली बार एलोरा की गुफाओं (महाराष्ट्र) को विश्व विरासत स्थल घोषित किया था। वहीं अगर 39वीं और 40वीं विश्व विरासत की बात करें तो कालेश्वर मंदिर तेलंगाना में स्थित है। वहीं 40वां विश्व धरोहर हड़प्पा सभ्यता का शहर धोलावीरा है। भाजपा का सामाजिक न्याय पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज १८ अप्रैल को मंडल स्तर तक सभी नगर पंचायतों एव नगरपालिकाओं के स्वच्छता सैनिकों को भाजपा नेताओं ने सम्मानित किया। नगर के शहीद उद्यान में पूर्व जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह ने पदाधिकारियों के साथ मिलकर शाहिद उद्यान की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त की। साथ ही नगर से सटे ग्रामीण इलाको में जाकर इज्जरघर के लाभार्थियों को इज्जतघर से मिलने



वाले सकारात्मक परिणामों पर परिचर्चा करी। उन्हे शौचालय के असंख्य फायदे गिनवाए। ग्रामीणों की जिंदगी में आए बदलाव के संस्मरणों को संकलित किया। जिला महामंत्री अजीत सिंह ने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि विश्व धरोहरों को सहेज के रखना आज की पीढ़ी की जिम्मेदारी है। जनपद की भूली बिसरी इमारते हमारे बीते हुए कल की साक्षी है। इन धरोहरों की साफ सफाई और इनको सहेजने में सबसे बड़ा योगदान स्वच्छता सैनिकों का है। स्वच्छता सैनिकों को सम्मानित करके हम सब गौरांवित महसूस कर रहे है। जिला महामंत्री ने कहा कि भाजपा हर उस शख्स का सम्मान करती है जिसने देश निर्माण में अपना खून पसीना बहाया है। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने श्रवण देवी मंदिर परिसर में, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित संघ बाबा मंदिर परिसर में विधायक प्रभाष कुमार सुरसा में आशीष सिंह आशु ने सुनासी नाथ मंदिर, एमएलसी अशोक अग्रवाल कछौना , विधायक अलका अर्कवंशी ने संडीला नगर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता कार्मिकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र, पूर्व जिला अध्यक्ष रामबहादुर सिंह, जिला महामंत्री अनुराग मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय, नगर महामंत्री आशीष शुक्ला पंकज सिंह, नगर उपाध्यक्ष मुनि मिश्रा प्रदुम्न सिंह शुभम लोहिया, सभासद अमित त्रिवेदी रानू, अंबुज शुक्ला सुधीर बनिया आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

